Evershine

echo series

# दीपमाला

एन.सी.ई.आर.टी. के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार

भाग-4


**नरेश बाला**
एम.ए., बी.एड.

संपादक
**अशोक लव**
एम.ए., बी.एड.
(लेखक एवं शिक्षाविद्)
पूर्व हिंदी-संस्कृत विभागाध्यक्ष
द एयर फोर्स स्कूल, सुब्रोतो पार्क
नई दिल्ली।

**ऋचा मेहता**
एम.ए.





EVERSHINE™ PUBLISHERS
Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046
PH.: 28111758, 28113958, Fax- 28112353
Mobile: 9868877950, 9560408043
E-mail: evershinepub@gmail.com

इस पुस्तक का कोई भी अंश तथा चित्र किसी भी प्रकार से उद्धृत करना सर्वथा वर्जित है। इस पुस्तक की कुंजी, गाइड अथवा किसी भी प्रकार की सहायक पुस्तक सामग्री छापना वर्जित है।

**प्रकाशक:**

**EVERSHINE ESP PUBLISHERS**

Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046
PH.: 28111758, 28113958, Fax- 28112353
Mobile: 9868877950, 9560408043
E-mail: evershinepub@gmail.com



**© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

**कला सज्जा:**
**मंथन टेक्नोलोज़ीस**

Printed at:

# दो बातें

शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को केवल कला का ज्ञान देना और परीक्षा लेना नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चे जब विद्यालय की चारदीवारी से निकलकर वास्तविक जीवन में प्रवेश करते हैं तो शिक्षा ही उनका संबल बनती है। 'दीपमाला' पाठ्य-पुस्तक का मुख्य उद्देश्य यही है।

'दीपमाला' पाठ्य-सामग्री का चयन बच्चों की आयु और उनके मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रत्येक पाठ अपने रोचक कथ्य और स्वरूप में बच्चों को जीव और जगत के गतिशील जीवन से परिचित कराता है।

दीपमाला की विशेषताएँ इस प्रकार हैं-

- सरल भाषा में उपयोगी पाठों द्वारा प्रकृति, पर्यावरण, पशु-पक्षी एवं मानवीय मूल्यों से जोड़ने वाले पाठ।
- विद्यार्थियों के लिए रुचिकर चित्रकथाएँ, कार्टून आदि।
- सुंदर आकर्षक चित्र, सुंदर छपाई एवं रोचक प्रस्तुतीकरण।
- संशोधित, परिवर्धित एवं मानक भाषा का प्रयोग।
- एन.सी.ई.आर.टी. के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित।

बच्चों की रुचि को ध्यान में रखकर बनाई गई गतिविधियों तथा अभ्यास भरपूर मात्रा में दिए गए हैं। इनके माध्यम से करके सीखने का अवसर बच्चों को मिलेगा। जिससे बच्चे भाषा का प्रयोग केवल पढ़ने-लिखने और बोलने के लिए ही नहीं बल्कि तर्क करने, विश्लेषण करने, अनुमान लगाने, अपनी भावनाओं और सोच को अभिव्यक्त करने तथा कल्पना करने आदि के लिए भी करेंगे।

'दीपमाला' श्रृंखला की प्रत्येक पाठ्य-पुस्तक में कई अभ्यास प्रश्न पत्र दिए गए हैं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि 'दीपमाला' बच्चों को स्वत: अध्ययन करने के लिए प्रेरित करेगी।


-प्रकाशक




| क्र. | पाठ ( विधा ) | भाषा कौशल | गतिविधियाँ | जीवन-मूल्य, सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | भारत दर्शन (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, बहुवचन, विलोम, पर्यायवाची, लिखित प्रश्न | स्मारक पहचानना, मानचित्र समझना, धार्मिक पुस्तकों के विषय में जानना | देश-प्रेम की भावना उत्पन्न करना |
| 2. | सच्चे मोती (कहानी) | बहुविकल्पीय प्रश्न, प्रश्न बनाना, विशेषण पहचानना, विलोम, लिखित प्रश्न | सोचकर बताना, सामान्य ज्ञान | परिश्रम का महत्त्व बताना |
| 3. | जैसा सवाल वैसा जवाब (हास्य कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, रिक्त स्थान भरना, एक शब्द के अनेक अर्थ, योजक चिह्न, मुहावरे | सोचकर बताना, कहानियाँ लिखना | हाज़िरजवाबी, हास-परिहास, बुद्धिमत्ता |
| 4. | दानव का बगीचा (पर्यावरण संबंधित) | बहुविकल्पीय प्रश्न, वाक्य बनाना, समान अर्थ वाले शब्द, रिक्त स्थान भरना, क्रियाओं का काल, लिखित प्रश्न | पेड़-पौधों के विषय में बताना, सामान्य ज्ञान | पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम की भावना उत्पन्न करना, प्रकृति के प्रति उदार बनने की सीख |
| 5. | गड़ा हुआ धन (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, अर्थ स्पष्ट करना, विलोम एवं समान अर्थ वाले शब्द, नए शब्द बनाना, मौखिक एवं लिखित प्रश्न | खेती में काम आने वाले औज़ारों को पहचानना | जीवन में परिश्रम के महत्त्व को बताना |
| 6. | हिमालय-भारत का प्रहरी (लेख) | बहुविकल्पीय प्रश्न, रिक्त स्थान भरना, एक शब्द, प्रश्नवाचक वाक्य बनाना, विशेषण-संज्ञा शब्दों का मिलाना, विलोम, लिखित प्रश्न | पक्ष-विपक्ष में तर्क करना, अनुच्छेद लिखना, पर्वतारोहियों को पहचानना | प्राकृतिक संरचनाओं के महत्तव को बताना, प्रकृति की भावना जगाना |
| 7. | मीरा बहन और बाघ (जीवन सच्ची घटना) | बहुविकल्पीय प्रश्न, शब्द-समूह पहचानना, वाक्य शुद्ध करना, विलोम, लिखित प्रश्न | अनुच्छेद लिखना, चित्र देखकर बताना, जानवरों की बोलियाँ पहचानना, कहानी लिखना | पशु-पक्षियों के प्रति उदार बनना, पशु-पक्षियों से छेड़छाड़ न करना |
| 8. | चंद्रशेखर वेंकटरामन (जीवनी) | बहुविकल्पीय प्रश्न, कर्ता शब्दों को पहचानना, एक शब्द लिखना, रिक्त स्थान भरना, लिखित प्रश्न | प्रिज़्म के विषय में जानना, वैज्ञानिकों को पहचानना | दृढ़-निश्चय, आत्मविश्वास, परिश्रम, ईमानदारी तथा लगन की भावना उत्पन्न करना |
| 9. | मेरी बिटिया (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, अर्थ स्पष्ट करना, तुकवाले शब्द, लिखित प्रश्न | पतंग बनाना, चित्र पहचानना, अनुच्छेद लिखना | माँ-बेटी के प्रेम को उजागर करना, पारस्परिक प्रेम के महत्त्व को दर्शाना |
| 10. | बेबस सिकंदर (प्रेरक कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, सर्वनाम, नकारात्मक वाक्य, पर्यायवाची, बहुवचन, लिखित प्रश्न | अनुच्छेद लिखना, अपने जीवन में घटने वाली घटना लिखना, चित्र देखकर कहानी लिखना | सरलता और सादगी के आदर्श को ग्रहण करके अपने जीवन में उतारना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | चंद्रशेखर आज़ाद | बहुविकल्पीय प्रश्न, विलोम, समान अर्थ वाले शब्द,योजक चिह्न, मुहावरे, संधि विच्छेद, लिखित प्रश्न | सामान्य ज्ञान, महापुरुषों से संबंधित वस्तुओं को पहचानना | जीवन में देश-प्रेम, त्याग और निर्भीकता की भावना उत्पन्न करना |
| 12. | मास्टर जी (हास्य-व्यंग वार्तालाप) | बहुविकल्पीय प्रश्न, मुहावरे, वाक्यों के अर्थ बताना, लिखित प्रश्न | अपने विषय में बताना, मित्रों के साथ मिलकर सूची बनाना, ज्ञानवर्धक सीख | हास्य और विनोद से जीवन में तानावों को दूर करना |
| 13. | बया से (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, एक शब्द के अनेक अर्थ, संज्ञा, सर्वनाम, लिखित प्रश्न | सोचकर बताना, पक्षियों के बारे में बताना, महादेवी वर्मा के विषय में जानकारी प्राप्त करना | पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम की भावना उत्पन्न करना |
| 14. | सबसे मीठी, सबसे कड़वी (चित्रकथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, संज्ञा-विशेषण शब्द, विलोम शब्द, नकारात्मक वाक्य बनाना, नए शब्द बनाना, शब्दों का प्रयोग, मौखिक एवं लिखित प्रश्न | सोचकर बताना, तेनालीराम के विषय में जानकारी प्राप्त करना, अपने विषय में जानकारी प्राप्त करना, अपने विषय में चतुराई पूर्ण घटना बताना | तनावों को दूर करने के लिए हास्य और विनोद के महत्त्व को बताना |
| 15. | अंगुलिमाल (जातक कथा) | बहुविकल्पीय प्रश्न, वाक्य बनाना, वाक्य ठीक करना, बहुवचन, लिखित प्रश्न | धर्मों के विषय में जानना, महापुरुषों को पहचानना, चित्र देखकर कहानी लिखना | धर्म और न्याय का महत्त्व, चरित्रवान बनने की प्रेरणा, अच्छे संस्कार जगाना |
| 16. | सच्चा मित्र (कहानी) | बहुविकल्पीय प्रश्न, क्रिया शब्दों को पहचानना, शब्दों का सही रूप, संधि विच्छेद, स्त्रीलिंग, विशेषण-संज्ञा, लिखित प्रश्न | 'मित्रता' पर चर्चा, चित्र देखकर कहानी लिखना, इंटरनेट से जानकारी प्राप्त करना | मित्रता के महत्त्व को बताना |
| 17. | मिर्च का मज़ा (कविता) | बहुविकल्पीय प्रश्न, पंक्तियों के अर्थ बताना, वाक्य लिखना, लिखित प्रश्न | बिना बोले कोई वस्तु माँगना, फलों और सब्जियों के विषय में जानना | बिना विचारे कोई काम न करना |
| 18. | वचन का पालन (ऐतिहासिक कहानी) | बहुविकल्पीय प्रश्न, कर्ता शब्दों को पहचानना, एक शब्द लिखना, रिक्त स्थान भरना, लिखित प्रश्न | सोचो और उत्तर दो, महापुरुषों को पहचानना, आसपास के व्यक्तियों के विषय में जानना | जीवन में मित्रता, कर्तव्य-भावना और संवेदनशीलता के महत्त्व को बताना |
| 19. | काला घोड़ा (विश्व की महान कृति) | बहुविकल्पीय प्रश्न, किसने, किससे कहा, विलोम शब्द, शुद्‌ध वाक्य पहचानना, मुहावरे, लिखित प्रश्न | जानवरों के विषय में जानकारी, जानवरों के रहने के स्थान, इंटरनेट से जानकारी प्राप्त करना | पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम की भावना उत्पन्न करना, उनके प्रति उदार बनने की सीख |

# विषय सूची


1. भारत दर्शन ........ 7
2. सच्चे मोती ........ 11
3. जैसा सवाल वैसा जवाब ........ 17
4. दानव का बगीचा ........ 23
5. गड़ा हुआ धन ........ 29
   - मूल्यांकन-1 ........ 33
6. हिमालय- भारत का प्रहरी ........ 34
7. मीरा बहन और बाघ ........ 40
8. चंद्रशेखर वेंकटरामन ........ 45
9. मेरी बिटिया ........ 50
   - अपना काम स्वयं करो ........ 54
   - मूल्यांकन-2 ........ 56
   - अभ्यास प्रश्न पत्र-1 ........ 57
10. बेबस सिकंदर ........ 59
11. चंद्रशेखर आज़ाद ........ 65
12. मास्टर जी ........ 71
   - ज्ञान सेतु - नटखट बंदर ........ 76
13. बया से ........ 77
14. सबसे मीठी, सबसे कड़वी ........ 81
   - मूल्यांकन-3 ........ 88
15. अंगुलिमाल ........ 89
16. सच्चा मित्र ........ 95
17. मिर्च का मज़ा ........ 101
18. वचन का पालन ........ 106
19. काला घोड़ा ........ 112
   - मूल्यांकन-4 ........ 118
   - अभ्यास प्रश्न पत्र-2 ........ 119






# 1 भारत दर्शन




तुलसी, मीरा, सूरदास के,
गूँजें यहाँ भक्ति के गीत।
गंगा, यमुना और सरस्वती,
नदियाँ यहाँ की परम पुनीत।

ऐसा है यह भारत देश,
देशों में यह देश महान।
सारे जग को सिखाने वाला,
विद्या बुद्धि की यह खान।



धन्य-धन्य यह पावन धरती,
ऋषियों ने जहाँ दिया है ज्ञान।
सोने की चिड़िया कहलाई,
प्रकृति ने किया सौंदर्य दान।

बुद्ध महावीर ने दिया यहाँ पर,
सत्य अहिंसा का संदेश।
महान आत्माएँ जन्मी हैं,
समय-समय पर बदले वेश।



अजंता एलोरा सदृश गुफाएँ,
और अनेकों मंदिर धाम।
ताजमहल, दिलवाड़े, मंदिर,
शिल्पकला में फूँके प्राण।

**शिक्षण संकेत**


इस कविता में देशभक्ति की भावना है तथा अपने प्यारे देश भारत की अनोखी छवि शब्दों में उकेरी गई है। बच्चों से बातचीत की शैली में पूछें कि कवि ने अपने प्यारे देश भारत की सुंदरता के कौन-कौन से दृश्य उपस्थित किए हैं। स्वयं उन्हें भी अपने देश की सुंदरता और महानता के बारे में बताने के लिए कहें।

उत्तर में कश्मीर, धरा का,
स्वर्ग हमें अति प्यारा है।
दक्षिण में सागर ने देखो,
भारत चरण पखारा है।

यहाँ अनेक जाति-धर्म के,
लोग करोड़ों बसते हैं।
मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारों में,
प्रभु का स्मरण करते हैं।

बाइबिल, रामायण हो चाहे,
गुरुग्रंथ हो या कुरान।
भवसागर पार कराने वाला,
सबमें एक वही भगवान।

भारत त्योहारों का देश,
भारत है ऋतुओं का देश।
भारत की है महिमा न्यारी,
इसका यश है देश-विदेश।



**शब्द-अर्थ:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पुनीत | - पवित्र | पखारा | - धोए | सदृश्य | - समान |
| धाम | - घर | महिमा | - बड़ाई | धरा | - पृथ्वी |
| शिल्पकला | - मूर्ति आदि बनाने की कला | | | सौंदर्य | - सुंदरता |
| स्मरण | - याद | यश | - प्रसिद्धि | | |

## अभ्यास

1. **सही उत्तर पर ✓ चिह्न लगाओ:**

(क) किस देश को 'सोने की चिड़िया' कहा गया है?

भारत को ☐ नेपाल को ☐ भूटान को ☐

(ख) अजंता और एलोरा की क्या चीज़ें प्रसिद्ध है?
किले ☐ गुफाएँ ☐ पहाड़ियाँ ☐
(ग) कश्मीर भारत की किस दिशा में है?
उत्तर ☐ दक्षिण ☐ पश्चिम ☐

2. **अर्थ स्पष्ट करो:**

धन्य-धन्य यह पावन धरती,
ऋषियों ने जहाँ दिया है ज्ञान।
सोने की चिड़िया कहलाई,
प्रकृति ने किया सौंदर्य दान।

3. **बहुवचन लिखो:**

(क) आत्मा ........................ (ख) गुफ़ा ........................
(ग) शुभकामना ........................ (घ) वीरांगना ........................
(ङ) भुजा ........................ (च) शिला ........................

4. **विलोम शब्द लिखो:**

(क) स्वर्ग ........................ (ख) देश ........................
(ग) ज्ञान ........................ (घ) महान ........................
(ङ) हिंसा ........................ (च) अनेक ........................

5. **दो-दो पर्यायवाची लिखो:**

(क) नदी ........................ ........................
(ख) पक्षी ........................ ........................
(ग) जग ........................ ........................
(घ) सागर ........................ ........................
(ङ) धरती ........................ ........................

6. **वाक्यों में प्रयोग करो:**

(क) प्रकृति – ..................................................................
(ख) सौंदर्य – ..................................................................
(ग) सत्य – ..................................................................
(घ) चरण – ..................................................................

7. **लिखित उत्तर दो:**

(क) भारत की धरती को पवित्र क्यों कहा गया है?
(ख) कविता में किन-किन कवियों का वर्णन किया गया है?
(ग) सत्य और अहिंसा का संदेश किसने दिया है?


# आओ कुछ करें

1. **नीचे दिए गए स्मारक कहाँ स्थित हैं?**



ताजमहल

(क) ................



लालकिला

(ख) ................



चार मीनार

(ग) ................



गेटवे आफ़ इंडिया

(घ) ................

2. **भारत का मानचित्र देखकर बताओ कि ये भारत की किस दिशा में है?**
   (क) हिमालय पर्वत ..............................
   (ख) बंगाल की खाड़ी ..............................
   (ग) हिंद महासागर ..............................
   (घ) अरब सागर ..............................




3. **निम्नलिखित धार्मिक पुस्तकें किन धर्मों से संबंधित हैं?**
   (क) रामायण ..............................
   (ख) बाइबिल ..............................
   (ग) कुरान ..............................
   (घ) गुरुग्रंथ ..............................

4. **इन धार्मिक स्थलों के नाम लिखो:**



(क) ................................



(ख) ................................